<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>08/01/2025</u>

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), इंदौर ने **अवैध क्रिकेट/टेनिस सट्टेबाजी के केस में** आरोपी संजय अग्रवाल के बैंक लॉकर पर 07/01/2025 को तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, विदेशी चिह्नों(मार्किंग) वाले 3.50 किलोग्राम सोने के सिल्लियां और 750 ग्राम के आभूषण जिनकी कीमत 3.36 करोड़ रुपये (लगभग) है, बरामद कर जब्त किए गए।

ईडी ने अवैध क्रिकेट/टेनिस सट्टेबाजी के संबंध में मध्य प्रदेश के उज्जैन पुलिस द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की।

ईडी की जांच से पता चला कि पीयूष चोपड़ा नामक एक व्यक्ति ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके प्राप्त सिम कार्ड का उपयोग करके बड़े पैमाने पर अवैध क्रिकेट सट्टेबाजी का संचालन करके अपराध से आय (पीओसी) अर्जित की।

इससे पहले, ईडी ने मामले के संबंध में पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत 12/12/2024 को इंदौर, उज्जैन और लुधियाना में 5 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया था।

आगे की जांच प्रक्रियाधीन है।